Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 05-08-2005

Participants : Suman Shri Ramji Lal,Krishnaswamy Shri A.,Mehta Shri Alok Kumar,Tirath Smt. Krishna,Radhakrishnan Shri Varkala,Mahajan Smt. Sumitra,Sen Smt. Minati,Rawat Prof. Rasa Singh,Shukla Smt. Karuna,Pal Shri Raja Ram,Rani Smt. K.,Mahtab Shri Bhartruhari,McLeod Smt. Smt. Ingrid,Kumar Shri Shailendra,Ramadass Prof. M.

an>

Title : Discussion regarding reservation of one third of seats for women in all the State legislatures and Parliament (Discussion not concluded)

–

15.33 hrs.

PRIVATE MEMBER'S RESOLUTION

Re: Reservation of one third of seats for women in all the State

Legislatures and Parliament- contd.

श्रीमती कृणा तीरथ (करोल बाग): सभापति महोदय, पिछली बार सदन में वूमैन रिजर्वेशन बिल श्री सी.के.चन्द्रप्पन द्वारा 6 मई 2005 को रखा गया था। जिस समय मैं बात कर रही थी, उसी समय दूसरा हाउस शुरू हुआ, इसीलिए आज मैं हाउस को बताना चाहती हूं कि इसमें महिलाओं के लिए जो रिजर्वेशन बिल आया, मैं इसके फेवर में कुछ बातें रखना चाहूंगी। इसमें जो एडीक्वेट रिप्रेजेंटेशन टू वूमैन इन स्टेट लेजिस्लेचर्स एंड पार्लियामेंट, राज्य सभा और लोक सभा दोनों सदनों में रखा गया है, मुझे अपने भारत देश के संविधान पर गर्व है जिसके निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर साहब हैं जिन्होंने संविधान के तहत भी महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया। हर क्षेत्र में, पढ़ने-लिखने, रोजगार के क्षेत्र में और हर तरह से आगे बढ़ने के लिए उन्होंने कहा कि महिलाएं बराबर की हकदार रहेंगी। आज उसी संविधान के तहत, भारत के दोनों सदनों में और भारत के सदनों के बाहर भी कोने-कोने में महिलाएं 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए पिछले 16 सालों से पूरी तरह से कसरत कर रही हैं। मैं इसीलिए इस बिल का समर्थन करना चाहती थी क्योंकि महिलाएं जिनका हम चहुंमुंखी विकास-शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, शैक्षणिक और राजनैतिक रूप से जिनका हम विकास करना चाहते हैं*[R36]

वह विकास तभी हो सकता है जब महिलाओं को आरक्षण दिया जाए। महिलाओं के रास्ते किसी तरह से बन्द नहीं होने चाहिए। इस देश में बराबरी का अधिकार जो हमें संविधान से मिला है, वह हमे चुनावों में और राजनीति में क्यों नहीं मिलना चाहिए? हम राजनीति में पीछे क्यों रहें? मुझे लगता है कि देश की तरक्की तभी हो सकती है जब महिलाओं को पूरा 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए, लेकिन फिलहाल हम 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर रहे हैं, जो कि हमें नहीं मिल पा रहा है। मैं कहना चाहती हूँ कि जिस तरह से देश के कोने-कोने से महिलाओं की आवाज उठी है, उसे इस संसद में उठाने के लिए मुझे इस बात को यहां रखना पड़ा है। महिलाएं बड़ी सच्चाई और इमानदारी से अपना घर-बार चलाती है। बाहर दफ्तरों में जाने पर भी वे काम करती हैं, राजनीति में भी चुनकर आई हैं और मुझे गर्व है कि जिस समय वर्ा 1992 में कांग्रेस की सरकार इस जगह पर रही, तब हमारी पंचायती राज व्यवस्था, जिसे हमारे पूर्व युवा प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने शुरू किया था, में महिलाओं को स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। महिलाओं ने आगे बढ़कर इसमें हिस्सा लिया, कठिनाइयां भी आईं, उनको बहुत से नाम दिए गए, लेकिन उनके पति लोगों ने उनका साथ दिया। कहीं-कहीं उनका मजाक भी उड़ाया गया लेकिन तब से अब तक के इतने वर्ों में महिलाएं इतनी सक्षम हो गयीं कि उन्होंने जीत, हार और तमाम चीजें देखीं। अब वे समझती भी हैं कि हमारे क्या अधिकार होने

चाहिए। आज हम दिल्ली में बैठे हैं, लेकिन गांवों में, रूरल एरियाज में, अर्बन एरियाज में अलग-अलग जगहो पर महिलाओं की अलग-अलग स्थिति है। इसलिए मैं चाहती हूं कि हमें बराबरी से कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अवसर मिले।

जब देश आजाद हुआ था, महिलाएं बराबरी का अधिकार प्राप्त करते हुए आजादी की लड़ाई में भी कंधे से कंधा मिलाकर चली थीं, चाहे वह रानी लक्ष्मीबाई रही हों, या दूसरी बहुत सी अन्य स्वतंत्रता सेनानी महिलाएं रही हों। आज भी बहुत सारी महिलाएं हैं, अगर मैं उनके नाम गिनाने लगूं तो पूरा इतिहास लिख जाएगा। लेकिन हमें रिजर्वेशन दिए जाने को कोई न कोई बहाना बनाकर हमेशा टालने की कोशिश की गई है। बहुत सी सरकारें आयीं, लेकिन आज जब हमारी यूपीए की सरकार है, जिसकी अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी हैं, वह भी चाहती हैं कि महिलाओं का पूरा रिजर्वरेशन हो। सच्चाई और ईमानदारी से काम करते हुए जिस प्रकार महिलाएं सरकारों में आएंगी, सरकारों में काम करेंगी, महिलाओं की तकलीफों को हल कर सकेंगी, उनके लिए क्या कानून और योजनाएं बननी हैं, उसको ध्यान में रखते हुए काम कर सकेंगी। इसलिए हमें 33 प्रतिशत आरक्षण राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार सहित संसद के दोनों सदनों में मिलना चाहिए। इस आरक्षण में दलित महिलाओं, अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं का आरक्षण होना चाहिए, क्योंकि जो ऐसे पिछड़े हुए क्षेत्रों से आती हैं, जिनको आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता है, जब उनके लिए रिजर्वेशन रखेंगे तो वे उसे लेकर मुखर होंगी, उनमें आत्मविश्वास और आत्मसम्मान जगेगा, जिसके साथ वह कह सकती है कि वह भारत की महिला है, उसने भारत में जन्म लिया है। भारत की महिला होने के नाते वह अपने पूरे अधिकार जिन जगहों पर रखती है, वे अधिकार उसे दिए जाने चाहिए। मैं चाहती हूँ कि महिलाओं के लिए मंत्रिमंडल में भी एक-तिहाई आरक्षण होना चाहिए।

15.39 hrs (Shrimati Sumitra Mahajan in the Chair)

मेरे पास राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के बारे में कुछ आंकड़े हैं। वर्ा 1951-52 में बिहार विधानसभा में महिलाओं की संख्या 3.6 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 1.2 प्रतिशत, राजस्थान और केरल में शून्य, पश्चिम बंगाल में 0.8 प्रतिशत, आन्ध्र प्रदेश में 2.9 प्रतिशत थी। इसी प्रकार वर्ा 1960 सं 1965 के मध्य बिहार में महिला सदस्यों की संख्या 7.9 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 4.4 प्रतिशत और राजस्थान में 4.5 प्रतिशत थी।[cmc37]

[R38]

मैं समझती हूं कि राजस्थान में महिलाओं ने तरक्की की। इसी तरह से केरल में भी शून्य प्रतिशत से 3.9 प्रतिशत महिलाएं वहां की विधान सभा में चुन कर आईं। पश्चिम बंगाल में 4.8 प्रतिशत, आंध्र प्रदेश में 3.3 प्रतिशत महिलाएं वहां की विधान सभाओं में चुन कर आईं। इस तरह से देखा जाए तो कहीं बढ़ोत्तरी और कहीं कुछ कमी 1997 तक विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व में हुई। लेकिन 1998 में बिहार का आंकड़ा नहीं है, उत्तर प्रदेश का भी नहीं है। राजस्थान में सात प्रतिशत प्रतिनिधित्व वहां की विधान सभा में महिलाओं का रहा। केरल, पश्चिम बंगाल का भी कोई आंकड़ा नहीं है। आंध्र प्रदेश की विधान सभा में 9.5 प्रतिशत महिलाएं चुन कर आईं। इसी तरह से लोक सभा में 1996 में जब एक संविधान संशोधन पेश किया गया, तो वह संसदीय समिति को सौंपा गया। उस समिति ने 9 दिसम्बर, 1996 को 11 वीं लोक सभा में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी। लेकिन लोक सभा भंग होने के साथ ही वह विधेयक भी समाप्त हो गया।

मैं यह कहना चाहती हूं कि हमने 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग की है। कांति सिंह जी यहां मौजूद हैं। वह भी उस मीटिंग में थीं, जिसमें हमने चर्चा की थी कि हमें यह आरक्षण अवश्य चाहिए। हम लोगों ने यह आवाज बुलंद की थी कि जब भारत के संविधान में बराबर का अधिकार सबको दिया गया है, तो हम फिर पीछे क्यों रहें। इसलिए संविधान का सम्मान रखते हुए हमें यह आरक्षण मिलना चाहिए। आज हर जगह महिलाओं के आगे बढ़ने कीबात कही जाती हैं। वे आगे बढ़ाती भी हैं, लेकिन स्वयं आगे नहीं आ पातीं। जब तक महिलाओं को आरक्षण नहीं मिलेगा, वे आगे नहीं बढ़ पाएंगी। महिला मेहनती होती है, लेकिन जब उसे सीट देने की या चुनाव में खड़ा करने की बात आती है, तो यह कह कर कि वह कमजोर है, वह लड़ नहीं सकेगी, पीछे कर दिया जाता है। मेरे खयाल से यह भ्रांति है। इसे दूर करने के लिए अगर हमें आरक्षण की सुविधा मिलती है, तो मुझे विश्वास है कि महिलाएं पूरी ताकत से इस देश को सम्भालने की शक्ति रखती हैं। देश की पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा जी

भी एक महिला थीं, जिन्होंने इस देश को सम्भाला। आज भी पूरा देश, यहां तक कि हमारी विरोधी पार्टियां भी, जिसमें वीएचपी भी है, यह बात कहती हैं कि इस देश में अगर किसी ने सही ढंग से शासन किया और इस देश को चलाया तो वह इंदिरा गांधी जी ने चलाया।

जब बांग्लादेश को लेकर पाकिस्तान से हमारा युद्ध हो रहा था, उस समय अमेरिकी बेड़े की बात आई थी। तब श्रीमती इंदिरा जी ने कड़े लफ्जों में यह बात कही थी कि हम किसी से लड़ने की बात नहीं करते, लेकिन हमारी फौज बहुत ताकतवर है इसलिए या तो वह अपना बेड़ा हटा ले, नहीं तो हम ईंट का जवाब पत्थर से देने की ताकत रखते हैं। उसका परिणाम यह हुआ कि अमेरिका ने अपना बेड़ा हटा लिया। इंदिरा जी के शासन काल में हमारे देश ने कई बुलंदियां हासिल की हैं। मैंने उनकी बात इसलिए कही, क्योंकि वह स्वयं एक महिला थीं, जो देश की प्रधान मंत्री बनीं। जब उन्होंने इतना अच्छा काम किया, तो आज महिलाओं को संसद और विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण की बात करना कोई अनुचित नहीं है। महिलाएं संसद में और बाहर भी चाहे एनजीओज के माध्यम से या दूसरे निकायों के रूप में अपनी बात करती हैं और झंडा लेकर खड़ी होती हैं कि हमें यह आरक्षण अवश्य चाहिए। ऐसा वह देश की तरक्की के लिए करती हैं, न कि अपने लिए।

आज महिलाओं के साथ कई अत्याचार हो रहे हैं। भ्रूण हत्याएं हो रही हैं। प्राइवेट कम्पनी में, फैक्टरी में या सरकारी कार्यालय में जहां भी महिलाएं काम करती हैं, तो उनके जो अधिकारी हैं, चाहे आईएएस हों या अन्य हों, उन पर अत्याचार करते हैं। अगर उसे रोकना है तो उन्हें यह आरक्षण दिया जाना चाहिए, तभी उनकी आवाज बुलंद हो सकेगी, नहीं तो दबी हुई आवाज को कुचल कर ही रखा जाएगा और वह अपनी आ वाज नहीं उठा सकेगी। इसलिए महिला का जो अधिकार है, वह उसे मिलना चाहिए। यह अधिकार उसे संविधान ने दिया है। वह तभी मिलेगा, जब उसे आरक्षण के द्वारा संसद और विधान सभाओं में सीट मिलेगी तथा सरकारों में उसका प्रतिनिधित्व होगा। इसके अलावा कानून बनाने में, योजनाएं बनाने में जब वह पूरी तरह से सक्षम होगी। यह काम वह बखूबी कर सकती है[R39]।

यह मेरा ही मानना नहीं है बल्कि देश की तमाम महिलाओं का मानना है। वर्ा 1984 में महिलाओं की उपस्थिति लोक सभा में सबसे ज्यादा रही। उस समय कुल 544 सांसदों की संख्या में 44 महिलाएं थीं जोकि 8.1 प्रतिशत बैठती हैं। यह प्रतिशत भी उस समय था जब कांग्रेस की सरकार थी। आज हम सभी मिलकर इस बात को पेश करें कि यह जो रैजोल्यूशन श्री चन्द्रप्पन जी का आया है उसे हम संसद में पास करायें। हमारी राज्य सभा सांसद माननीय अम्बिका सोनी जी ने भी यह बात उठाई है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए।

वर्ा 1952 से 1962 तक महिलाओं की भागीदारी में इजाफा हुआ लेकिन वह इतना नहीं हुआ कि महिलाओं के अधिकारों की हर क्षेत्र में सुरक्षा हो सके। आज महिलाओं पर जो अत्याचार हो रहे हैं, उनको हटाने के लिए यदि कोई बिल लाते हैं तो हमारी संख्या पूरी होनी चाहिए। इन सब चीजों को पूरा करने के लिए महिलाओं की संख्या सदन में बढ़ें, आज इसकी जरुरत है।

आज महिलाओं की स्थिति बड़ी दयनीय है। जब महिला बुजुर्ग हो जाती है तो उसके अपने बच्चे महिला को छोड़ देते हैं। हमने स्वधार योजना ऐसी ही महिलाओं के लिए बनाई है, उनके लिए डैस्टीट्यूट होम बनाए हैं लेकिन वहां भी उनका उद्धार नहीं है। उनका उद्धार तभी होगा जब उनकी भागीदारी सरकार में होगी, वे कानून बनाएंगी, सरकार चलाएंगी और तभी वे महिलाओं की समस्याओं को जान सकेंगी और आरक्षण को पूरा कर सकेंगी।

हमारे माननीय होम-मिनिस्टर साहब एक बिल लाए थे जिसमें उन्होंने कहा कि कि यहां पर हम अगर 800 सीटें कर दें तो 33 प्रतिशत आरक्षण उनको मिल जाएगा। लेकिन 800 सीटें करने के बाद भी उन्हें केवल 25 प्रतिशत ही आरक्षण मिलेगा। लेकिन यह जब होगा तब देखा जाएगा, लेकिन आज हमारी डिमांड है कि हमें इसी संख्या में से 33 प्रतिशत आरक्षण चाहिए। ठीक है 800 सीटें करने की बात हुई है लेकिन उसके बाद डी-लिमिटेशन है और यह कौनसी मामूली चीज है, परन्तु इसमें रिजर्वेशन की बात अटक जाएगी। आज डी-लिमिटेशन भारत में पूरी जगहों पर हो रहा है। विधान सभा क्षेत्रों का और संसदीय क्षेत्रों का डी-लिमिटेशन हो रहा है लेकिन डी-लिमिटेशन में पता नहीं चलेगा कि कौनसी सीट का रिजर्वेशन करें और कौनसी सीट का न करें। हमारी मांग है कि विधान सभाओं और संसद में हमारे लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन पूरी तरह से होना चाहिए।

एनडीए की सरकार इस बिल को पिछली बार गंभीरता से नहीं लाई। अगर वे इसे पूरी गंभीरता से लाते तो आज हमें इतनी मशक्कत नहीं करनी पड़ती। मुझे अपने भाइयों पर पूरा विश्वास है कि आरक्षण के मसले पर उनका पूरा समर्थन हमें मिलेगा।

इन्हीं शब्दों से साथ में इस बिल का समर्थन करती हूं और मुझे विश्वास है कि 33 प्रतिशत आरक्षण हमें विधान सभाओं में और संसद के दोनों सदनों में मिलेगा।

श्रीमती करुणा शुक्ला (जांजगीर) : सभापति महोदया, माननीय सी.के. चन्द्रप्पन जी यहां पर जो संकल्प लाए हैं मैं इसका समर्थन करने के लिए खड़ी हुई हूं। सबसे पहले मैं उनको धन्यवाद दूंगी कि पुरुा प्रधान देश और पुरुा प्रधान समाज होने के बाद भी एक पुरुा यह संकल्प लाए हैं, इसलिए हमें पुरुाों की नियत पर संदेह नहीं होना SÉÉÉÊcA[r40] ।निश्चित रूप से वह धन्यवाद के पात्र हैं। माननीय सभापति महोदया, आजादी के 58 साल बीत गए। देश की जो सबसे बड़ी पंचायत है, जो देश की नीतियों का निर्धारण करती है, जहां यह तय किया जाता है कि आर्थिक व्यवस्था कैसे होगी, हमारी विदेश नीति क्या होगी, जहां शौचालयों से लेकर सड़कों और बिजली तक की व्यवस्था की बात होती है, बजट तय होता है, उस नीति निर्धारण में हम महिलाओं की कम संख्या होना इस बात का द्योतक है कि आजादी के 58 साल के बाद हिन्दुस्तान की जो प्रगति होनी चाहिए थी, वह प्रगति शायद इसीलिए नहीं हो पाई कि सदन में हम लोगों की संख्या में कम हैं। हमारे देश का लोकतंत्र विश्व का सबसे विश्वसनीय लोकतंत्र माना जाता है। बाकी देश हमारे लोकतंत्र को बहुत अच्छा ...(व्यवधान) अगर आप लोग थोड़ा शांत रहेंगे, तो कम से कम महिलाओं की बात आप लोगों के बीच भी आएगी ...(व्यवधान) !

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर) : हम दोनों हाथों से सपोर्ट कर रहे हैं।

श्रीमती करुणा शुक्ला : केवल इस तरह सपोर्ट करने से कुछ नहीं होगा। आप की अध्यक्षा जी ने घोाणा पत्र में कहा था कि हम इसको लाएंगे। महोदया, 14 महीने बीत गए हैं, अभी तक यह नहीं आया है ...(व्यवधान) इसलिए थोड़ा ध्यान से सुनिए ...(व्यवधान) सभापति महोदया, ऐसे मैं नहीं बोल पाऊंगी।

सभापति महोदया : आपको भी बोलने का मौका मिलेगा। ...(व्यवधान)

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH (KANAKPURA): This brings all men together across party lines to defeat this Bill. I am saying this with due respect to my brothers on this side and also that side. It is nice to see Madam Chairperson in the Chair who has given us some time to speak.

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, भारत का लोकतंत्र विश्व का जाना-पहचाना लोकतंत्र है। पर कैसा लोकतंत्र है? महोदया, मैं आपके माध्यम से इस सदन में जो उपस्थित हैं उनसे और जो इस सदन में अनुपस्थित हैं उनसे यह पूछना चाहती हूं कि क्या यह लोकतंत्र का मजाक नहीं है? अगर हम वर्ा 1952 से लेकर वर्ा 2004 तक महिलाओं की स्थिति को देखें, ये आंकड़े मेरे पास हैं। सीटों की संख्या बढ़ गई, लेकिन महिलाओं की संख्या नहीं बढ़ी। वर्ा 1952 में 499 में 22, वर्ा 1957 में 500 में 27, वर्ा 1962 में 503 में 34, वर्ा 1967 में 523 में 31, वर्ा 1971 में 521 में 22, वर्ा 1977 में 544 में 19, वर्ा 1980 में 544 में 28, वर्ा 1984 में 544 में 44, वर्ा 1989 में 517 में 27, वर्ा 1991 में 544 में 39, वर्ा 1996 में 544 में 40, वर्ा 1998 में 543 में 43, वर्ा 1999 में 543 में 48, वर्ा 2004 में 543 में 44, यह स्थिति कितनी निराशाजनक है ...(व्यवधान) महोदया, कितने खेद का विाय है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदया : आप लोग इनकी बात को सुनिए।

श्रीमती करुणा शुक्ला : सभापति महोदया, हम पचास के आंकड़े को आज तक पार नहीं कर पाए हैं। कैसे इस देश की प्रगति होगी? कैसे इस देश की उन्नति होगी? यह स्थिति देश की सबसे बड़ी पंचायत की है, जो नीतियों का निर्धारण करती है। हम पचास फीसदी जनसंख्या में भागीदार हैं, भले ही बालिका भ्रूण हत्या होने की वजह से हमारी संख्या कम हो रही है। हम कहीं 1000 में 996 बच रहे हैं, कहीं 991 बच रहे हैं, इस तरह वहां भी भ्रूण हत्या की वजह से हमारी उपस्थिति कम हो रही है और यहां भी हमको आरक्षण नहीं दिया जा रहा है, इसलिए हमारी उपस्थिति कम हो रही है।

मेरी सहयोगी बहन जो महिला सशक्तीकरण कमेटी की चेयरमैन भी हैं, उन्होंने यहां पर एक बात रखी कि हमें दलित बहनों को, अनुसूचित बहनों को भी आरक्षण मिलना चाहिए। मैं आपकी बात से पूर्णतया सहमत हूं, पर कृणा जी जरा इतिहास पर नजर डालिए कि कौन सी बहनें आगे बढ़ पाई हैं[c41]?

वही बहनें बढ़ पाई हैं जिन के सिर पर पति या पिता का हाथ था। इन्दिरा जी का उदाहरण सारे लोग देते हैं। आप यह बात जोर-शोर से कह रही थीं। वह किस के दम पर इस सदन में आईं? वह अपने पिता के दम पर यहां आईं, स्वंय के दम पर नहीं आई। बेनजीर भुट्टो किस के दम पर आई? अपने पिता के दम पर आईं। बंगला देश की शेख हसीना और दूसरी बहन किस के दम पर आईं? अपने पिता के दम पर आईं। ...(व्यवधान)

श्रीमती कृणा तीरथः महिलाएं अपने आप में सक्षम हैं। वे आएंगी। ...(व्यवधान)

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH : Even after her father's demise, she proved to be a great leader. Indiraji took India to commanding heights. She was the unchallenged leader of her times. ... (*Interruptions*)

सभापति महोदया : आप अपने समय में अपने बात कह सकती हैं।

...(व्यवधान)

चौधरी लाल सिंह : महिला महिला की शत्रु होती है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदयाः कोई कुछ नहीं है। यह पुरानी बात है। बार-बार दोहराने की जरूरत नहीं है। यहां से ऐसे कमैंट्स करना ठीक नहीं है। ये पुरानी बातें हो गई हैं। कोई महिला महिला की शत्रु नहीं होती।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : सभापति महोदया, मैं कटु सत्य कह रही हूं। महिलाओं को सत्य स्वीकार करना चाहिए। आप दलित बहनों की बात करती हैं। श्रीमती मीरा कुमार इसलिए आई कि स्वर्गीय जगजीवन राम इस सदन के सदस्य थे। ...(व्यवधान) मैं उनकी बात करना चाहती हूं जो गांव की बहनें हैं, पिछड़े इलाकों की बहने हैं, जिन के सिर पर पिता, पति या भाई का वरदहस्त नहीं है। आरक्षण उन बहनों को चाहिए।

श्रीमती कृणा तीरथ : जो रिजर्वेशन है,. मैंने उसका जिक्र किया है। ...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

सभापति महोदयाः आपका एक बार भााण हो चुका है। आप बार-बार न टोकिए।

...(व्यवधान)

सभापति महोदयाः आपने बहुत अच्छा बोला है।

...(व्यवधान)

सभापति महोदयाः कोई कुछ नहीं हो रहा है। हमने आपके झगड़े बहुत अच्छी तरह से देखे हैं।

… (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ... **

श्रीमती करुणा शुक्ला : सभापति महोदया, मेरी बहन शायद मेरे भाव समझ नहीं पा रही हैं। आरक्षण क्यों जरूरी है? इसकी मांग क्यों की जा रही है? आरक्षण के बिना यदि हम सोच लें कि हमारी 33 परसैंट बहनें इस सदन में आ जाएंगी, वह कभी नहीं हो सकता। मैंने ये उदाहरण इसलिए दिए कि ये बहनें इस कारण से सदन में आ पाईं और सर्वोच्च पदों पर पहुंच पाई। मैं केवल भारत का उदाहरण नहीं दे रही हूं। मैंने पाकिस्तान, बंगला देश का उदाहरण दिया। उदाहरण देने का अर्थ यही था कि वे अपने-अपने देश में सर्वोच्च

---

* Not Recorded.

पदों पर इसलिए आ पाई कि उनके सिर पर पिता या पति का हाथ था। दूरस्थ अंचलों में जो बहनें रहती हैं, अनुसूचित जाति की महिलाएं, आदि वासी महिलाएं, पिछड़े वर्ग की महिलाएं, उनको जब तक आरक्षण नहीं

मिलेगा तब तक उनकी इस सदन में भागीदारी नही हो सकती। आप मेरी भावना को समझ नहीं पाईं। नाम लेने से आपको बहुत आपत्ति हो गई।

मैं दूसरी बात यह रखना चाहती हूं मैं 16 साल पहले की बात बता रही हूं। मैं पहली बार इस सदन की सदस्य बनी हूं। मैं विधान सभा में रही हूं। मैं विधान सभा में अशासकीय संकल्प लाई थी। 1996 से लगातर महिला आरक्षण बिल के लिए घिनौनी हरकतें की जा रही हैं। इस सदन में रेल मंत्री लालू जी आज उपस्थित नहीं हैं। उन्हें अपनी ... * पत्नी को बिहार का मुख्यमंत्री बनाना कबूल है लेकिन जब इस सदन में महिला आरक्षण बिल आएगा तो उसका विरोध करेंगे, उसकी प्रतियां फाड़ेंगे। लालू जी भी आज उपस्थित नहीं हैं। …(व्यवधान)

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH : Madam Chairman, this is not correct. She has every right to represent the people. … (*Interruptions*) It is the uneducated people who are voting more. … (*Interruptions*)

सभापति महोदयाः यह शब्द निकाल दीजिए।

*(Interruptions) ...**

सभापति महोदयाः किसी पर व्यक्तिगत आक्षेप मत कीजिए[R42]।

16.00 hrs

MADAM CHAIRMAN : I know.

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील) : महोदया, वे महिला हैं, इस पर तो आपको आपत्ति नहीं है। आप महिला आरक्षण बिल का फेवर कर रही हैं तो एक महिला की भर्त्सना किस तरह से कर सकती हैं?…(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : मैं महिला की बात नहीं कह रही, लालू जी की कह रही हूं…(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : आप नहीं कह सकती।…(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : आप ध्यान से सुनिए…(व्यवधान)

Not Recorded.

SHRIMATI SURYAKANTA PATIL : This is the double-standard face of your party. … (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : Okay. You speak when your turn will come. वह शब्द निकाल दिया है। I have told them. आप समझदार हैं, मैंने बता दिया है।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, इस शब्द पर आपत्ति है तो निकाल दीजिए। मैं खुद कह रही हूं कि निकाल दीजिए।...(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : महोदया, आप इस सदन में सीनियर हैं और आप इस चेयर पर बैठी हैं। आप हमारे लिए बहुत आदरणीय हैं, जब वह इस सदन की सदस्या नहीं हैं तो फिर उनका नाम क्यों लिया जा रहा है।...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, इस शब्द को निकाल दीजिए।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : करुणा जी, मैंने शब्द निकाल दिया है। आप आगे बोलिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : लालू जी की पत्नी, यह तो कह सकती हूं...(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : हां, कह सकती हैं।...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला :महोदया, यह कह सकती हूं,...(व्यवधान) इसे रिकॉर्ड में आने दीजिए...(व्यवधान)

सभापति महोदया : यह कर दिया है। आप मेरी बात ही नहीं सुन रहे हैं। मैंने आपके कहने से पहले तुरंत बोला है कि यह शब्द निकाल दिया जाए। ऐसा नहीं है, मैं भी चिंता करती हूं। मैं भी सालों से यहां पर हूं। ऐसा मत कीजिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : आप इतना अच्छा बोल रही हैं।...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : आप मुझे बीजेपी की मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट देख रहे हैं। आप मुझे महिला की भावना से सुनें और सोचें। मैं बीजेपी की महिला मैम्बर ऑफ पार्लियामेयंट हूं लेकिन पहले महिला हूं बाद में बीजेपी की मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट हूं।...(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : हमारी यही मंशा है कि यह वांछित विाय किसी जाति का, समाज का और किसी पार्टी का नहीं है, यह हमारा यूनिवर्सल सब्जेक्ट है। इस पर उस स्टैंडर्ड से बोलिए। यही हम चाहते हैं।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : अब कोई कमेंट नहीं होगा। I am sorry. वह शब्द निकाल दिया है।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, मेरी भाा, मेरी बोली, अगर कुछ गलत लगती है तो बताइए।...(व्यवधान)

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया (गुना) : सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़िए, नकारात्मक सोच के साथ नहीं।...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : Thank you, young man. वही करेंगे।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, मेरी सोच बहुत दूर की है। मैं भी आपके ग्वालियर की ही बेटी हूं। मेरे कहने का भाव यह था कि...(व्यवधान)

सभापति महोदया : सब समझ गए हैं, अब आप बोलिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्लाः महोदया, जब वर्ा 1996 से लेकर वर्ा 2003 तक महिला आरक्षण बिल को बार-बार प्रस्तुत किया गया, जब आरजेडी और समाजवादी पार्टी, इन लोगों ने क्यों उस बिल को इंट्रोड्यूज़ नहीं होने दिया? क्यों प्रतियां फाड़ दीं? इससे साफ जाहिर होता है कि कोई पुरुा नहीं चाहता कि...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : महोदया, इनका भााण...(व्यवधान)

सभापति महोदया : आपका अभी समय है, आप तब बोल लेना। ऐसे हर कोई टोका-टाकी करेगा तो कैसे चलेगा। आपको अभी बोलना है। No, No. She is not yielding to you. आपको समय नहीं दे रही हैं तो आप ऐसा बीच में नहीं करेंगे।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, मैं तथ्यों के आधार पर बोल रही हूं।...(व्यवधान)

सभापति महोदया : वह आपको समय नहीं दे रही हैं, आप बीच में नहीं बोलेंगे। No. I am sorry.

... (*Interruptions*)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, टीवी पर देखा है, कानों से सुना है और आंखों से देखा है, वही बोल रही हूं।...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

सभापति महोदया : बार-बार टोकाटाकी नहीं चलेगी।

...(व्यवधान)

MADAM CHAIRMAN : It is all right.

... (*Interruptions*)

श्रीमती करुणा शुक्ला : आप बोलिए न...(व्यवधान) महिला आरक्षण बिल लाइए...(व्यवधान)

सभापति महोदया : अब आप समाप्त कीजिए। पन्द्रह मिनट से ज्यादा हो गए हैं। आप मुझे संबोधित करके बोलिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : महोदया, महिला आरक्षण बिल को लाने के लिए इच्छाशक्ति होनी चाहिए, नीयत साफ होनी चाहिए। जब नीयत साफ होगी, इच्छाशक्ति होगी, महिलाओं को दल में बांटकर नहीं देखा जाएगा। इस देश में आजादी के लिए महिलाओं ने जो संर्घा किया था। श्रीमती कृ-णा जी, झांसी की रानी नाम ले रही थीं तो बाकी भाइयों ने कहा कि और बहनों का भी नाम गिनाइए। अवन्तिबाई लोदी ने संर्घा किया था, दुर्गाबाई ने भी संर्घा किया था। अब देखिए, मैं फिर मानसिकता का उदाहरण दे रही हूं, झांसी की रानी ने अंग्रेजों से लड़ने के लिए घोड़े पर बैठकर एक हाथ से तलवार लेकर निकली थीं, मैं कहूंगी, तब पुरुों ने ही उसकी पीठ पर बच्चे को इसलिए बांध दिया था कि तुझे बार-बार अपना वात्सल्य याद आए और युद्ध के मैदान में कहीं तुम्हारी ममता तुम्हें रोकने के लिए बाध्य न करे[p43]। यह क्यों किया गया? क्या रजिया सुलताना राज-काज नहीं चलाती थी? उसे असफल करने की कोशिश की गई। मैं महिलाओं का उदाहरण इसलिये दे रही हूं कि...(व्यवधान)

श्रीमती सूर्यकान्ता पाटील : इतिहास का निर्माण किया जाता है, उसे बदला नहीं जाता है।...(व्यवधान)

श्रीमती करुणा शुक्ला : मैं इतिहास नहीं लिख रही हूं। मैं इतनी महान् नहीं कि इतिहास लिख सकूं।...(व्यवधान)

---

* Not Recorded

MADAM CHAIRMAN : I am sorry. Karuna ji, you should not say something like that.

...(व्यवधान)

सभापति महोदया : चेयर की तरफ से मैंने स्वयं बता दिया है। यहां बैठा हुआ हर व्यक्ति यह बात समझ रहा है। मैंने उस बात को तुरंत बता दिया है।

श्रीमती करुणा शुक्ला : सभापति महोदया, 1996 से लेकर 2003 तक महिला आरक्षण विधेयक मजाक बना हुआ है। जब चुनाव होता है तो घोाणा पत्र में कहा जाता है कि जब हमारी सरकार बनेगी, हम महिला आरक्षण विधेयक लेकर आयेंगे लेकिन आज इस सरकार को आये हुये 14 महीने हो गये लेकिन क्या हो रहा है? सरकार की नीयत अच्छी नहीं है। एक तरफ डीलिमिटेशन का काम चल रहा है तो दूसरी तरफ गृह मंत्री जी द्वारा हम लोगों को पत्र भेज दिया जाता हैं कि हम 543 सीटों के बजाय 800 सीटें करना चाहते हैं। यह विरोधाभास कैसे? अगर डीलिमिटेशन का काम चल रहा है, तो सीटें बढ़ नहीं सकती, उसे रोकिये। यदि आप ईमानदारी से महिला आरक्षण बिल लाना चाहते हैं तो वह किसी भी स्वरूप में लाइये, हम बहनें उसे स्वीकार करने के लिये तैयार हैं। इस 14वीं लोक सभा में जिस स्वरूप में बिल लायेगा, महिलायें उसे स्वीकार करने के लिये तैयार होंगी। कभी यह बात उठती है कि एक सीट पुरुा लड़ेगा और एक सीट महिला लड़ेगी, यह डबल तरीके से कैसे होगा? फिर आगे कई कठिनाइयां खड़ी होंगी। कुल मिलाकर ढाक के वही तीन पात। ऐसा लगता है कि सरकार की नीयत महिला आरक्षण विधेयक को लाने की नहीं है और न उसके पास इच्छा शक्ति है। इसका कारण यह है कि जहां कहीं भी आप किसी दल के पुरुा से बात करेंगें तो यही कहा जायेगा कि वह जीत नहीं सकती, वह हारने वाली उम्मीदवार है। पुरुा के जीतने का पैमाना शायद तय होगा कि जिस सीट से पुरुा खड़ा होगा, वह जीत जायेगा। इसलिये चाहे लोक सभा की बात हो या विधानसभा की बात हो, मैं दलगत राजनीति से ऊपर उठकर बात कर रही हूं। यदि सरकार महिला आरक्षण बिल लाना चाहती है तो इसे उपहास का पात्र मत बनाइये। यह हमारा अधिकार है। जब हम 50 प्रतिशत के भागीदार हैं तो सिर्फ 33 प्रतिशत मांग रहे हैं। पंचायतों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने के बाद कार्य क्षेत्र में जागरुकता दिखाई दे रही है। उस समय भी

यही कहा जाता था कि बहनों के लिये काम उनके पति करेंगे, इनके पिता काम करेंगे, वह काम नहीं कर पायेंगी। इसलिये निश्चित रूप से यदि नीयत अच्छी हो, उसमें कोई संदेह नहीं हो, खोट नहीं हो तो जिस भी स्वरूप में महिला आरक्षण विधेयक आयेगा, हम स्वीकार करेंगी।

सभापति जी, माननीय सदस्य श्री चन्द्रप्पन द्वारा जो संकल्प लाया गया है, मैं उसका समर्थन करती हूं।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Madam Chairman, I support the Resolution moved by Shri Chandrappan. This is a controversial issue pending long before Parliament. The issue is so controversial that we could not reach or rather arrive at a consensus with regard to the passing of the Bill.

There are many reasons adduced or even alleged for not taking the Bill into consideration. Before I go into the details, I would like to say that we must bear in mind one thing. The reservation is not a law of perpetuity. Whenever there is inequality, whenever opportunity is denied to a section of the community, the Constitution provides a provision for reservation. So, applying that principle, we have given this facility. This reservation is applicable to the Backward Communities, the Scheduled Caste and the Scheduled Tribe people. The fundamental and cardinal principle of our Constitution is that there must be equal opportunity for every citizen. Due to various reasons, social or economic or otherwise, this equal opportunity is denied to certain sections of the society[R44].

The Founding Fathers of our Constitution deemed it necessary that there must be some kind of reservation for the lower strata of the society. So, that principle is there. Here also, the same principle is applicable in the case of women. We speak for empowerment of women. While speaking about the empowerment of women we do not accept the principle of reservation in their case equally. We all admit that more than half of the population is women. So, their representation is highly essential in the power sharing process. We had an experience in the last 10 to 15 years – when this Constitution was amended – for giving one-third representation in the local bodies and even a local list was formed with the Constitution. When that amendment was passed, there were apprehensions that whether women would be able to discharge their functions as members of the local bodies. That was the apprehension first expressed at that time. For the time being, we did not take into consideration giving representation in the legislative bodies. We were giving representation to women in the local bodies. We have now the experience. As Zila Panchayat Presidents they are functioning properly in many of our districts and we have very good administration. In my State, so far as this Panchayat administration is concerned, I have a better experience, a very vast experience for the last more than half a century. I was elected as the President of a Panchayat as early as in 1953. It became a Municipality subsequently. So, about the Panchayat administration I had my own personal experience. I had been the President of a Panchayat for more than ten years. I have been a legislator for more than 25 years. Now, I am in the Parliament for the third time. So, considering my vast experience, for the last more than half a century, I can definitely say that women are now capable of being members of the Legislature. The vast experience which I had in the recent past is that women were quite able, sufficient in administering the local bodies, particularly, the Zila Panchayats. The Presidentship of Zila Panchayats was also reserved. It is because due to various reasons, they may not be able to win the Presidentship of a Panchayat or a Zila Panchayat or a Block Panchayat or a Gram Panchayat. So, even there also we put in a reservation that one-third Presidents of the Zila Panchayats shall be women. That was provided in the Act. When I was in the Legislature, that Act was passed and with a

specific provision for women reservation for Zila Panchayats. Now, one-third of the Zila Panchayats are governed by women and that is very good. We have our experience. Then, Presidentship of the one-third of the Block Panchayats was also reserved for women. These also were run very well. Then, one-third Presidentship of the Gram Panchayats was also reserved for women and that also is very good. So, in the recent past, our experience is good as far as the representation of women in the elected bodies is concerned. Now, we have come to such a stage that without providing reservation for women in law making process, in the governing process, in controlling the Executive, both at the State level and at the Central level, it is futile to say that women have been given reservation. In our day to day experience, harassment of the women is the order of the day. Women cannot even travel or even walk through the road. It was possible in the past. Now, even one per cent women are not in a position to pass through a public road at night[bts45].

Kidnapping, raping, all these heinous offences are being committed against women. We have been making a special legislation as to what are these grave offences, and that also by a process of special statute constituting special courts for this purpose. That is the situation in the country. So, we will have to think over it. Should we not give them power? They must have power to control the administration. That is possible only if they are given due representation in the Legislature as well as in the Parliament.

Now, I will submit that as to how this could be achieved. Unfortunately, there are some tendencies or some thinking among politicians that the women's representation should not be at their own risk. The male representation is the order of the day. Some people take the constituencies as their own hereditary property. They think that the constituency must be represented by them. Afterwards, it must be represented by their own sons and not by their daughters. This is the thinking among some people. These people have made such and such a situation in this country that they alone could contest the election and win over. So, there cannot be any perpetuity or any kind of reservation for males in a particular constituency.

Now, when this matter was discussed, three proposals have come out. The first one is that there are 540 seats in the Parliament.… (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : So, 180 seats will have to be reserved for women. There is a proposal that 720 seats will be made; 540 will continue as such for males and 180 seats reserved for women. In certain constituencies, there will be two MPs – one a male MP and another a female MP. That is a proposal now advanced in certain quarters which is ridiculous. Moreover, the exchequer will be put to some hardship. The taxpayers will have to bear or meet the expenses of 700 MPs in the country by giving gender representation in the Parliament. So, we will have, in a particular constituency, one male MP and a female MP which is very, very ridiculous. We cannot accept this proposal but it is still there for consideration.

Another proposal advanced at this stage is this. Actually, when some political parties – registered political parties – submit a list of candidates, it is the look-out of the Election Commission to see whether they propose one-third of their declared seats to women. That also is not a practical solution. No political party will declare their list of candidates because one-third reservation of seats for women is an impossibility. But still that

is being considered by the Election Commission also. The Election Commission also is now considering about this double representation of reserved 180 seats. Parliamentary constituencies having a male member and a female member is another matter that is to be considered.

Lastly, our leaders have thought over of bringing in some consensus in the House, especially in the Parliament. Consensus is not an easy thing. We have tried to have consensus many a time but failed. Consensus will never come out in such a process. So, I will request all the major political parties to reconsider this stand. We should take a bold decision. The Bill should go through its own course. It should be moved in the House; it must be properly discussed and a democratic way for failing or passing a Bill will have to be adhered to. It cannot be by consensus. No consensus can be arrived at in the House about women's representation because consensus can never be had because only a very few people may oppose it.... (*Interruptions*)

MADAM CHAIRMAN : Please conclude.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : So, I would request the hon. Members or the political parties concerned to come forward bravely, courageously with a Bill moving it in the House. We will have a lengthy discussion, and we can make a proper and democratic decision at the conclusion of the discussion[c46].

Sir, the UPA leaders are aware of the fact that the Opposition is also in favour of giving representation to women in the House. When all of us discuss this Bill together, the true colours of each and every party will be out and we will know where the BJP stands and where other political parties stand on this matter. So, the UPA Government should have the political courage to come forward with the Bill and get it passed in the House so that we can all be real champions of women's reservation and their empowerment. Otherwise, all our claims will only be lip service.

Therefore, I, once again, request the Government that the Bill should again be brought before this House so that we can discuss it here and pass it in a democratic way.

MADAM CHAIRMAN : I would request the Members to please make brief speeches because the list of speakers is very long and we have to accommodate all of them.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : सभापति महोदया, श्री सी.के. चन्द्रप्पन साहब का यह निजी विधेयक था जिसमें राज्य विधान सभा और संसद में महिलाओं के आरक्षण की बात कही गई है। हम इस बिल पर उस समय चर्चा कर रहे हैं जब आज सुबह प्रधान मंत्री जी ने विभिन्न दलों के नेताओं को बुलाया था ताकि इस पर सहमति बने, इस पर चर्चा हो और मिल बैठकर कोई फैसला हो जाए।

सभापति महोदया, मैं बहुत विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि कांग्रेस और बी.जे.पी. पार्टियों में प्रतिस्पर्धा है कि महिलाओं के स वाल पर कौन ज्यादा बोले, ताकि पूरे देश में एक संदेश जाए कि फलां पार्टी महिलाओं के पक्ष में है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन दोनों पार्टियों में अन्तर्विरोध है और उसे ये स्वयं जानती हैं, परन्तु उस सच्चाई को इन पार्टियों के लोग न तो सदन में स्वीकार करते हैं और न सदन के बाहर स्वीकार करते हैं।

श्री जुएल ओराम (सुन्दरगढ़) : समाजवादी पार्टी का इस मामले में क्या स्टेंड है, वह बताएं ? ...(व्यवधान)

श्री थावरचंद गेहलोत (शाजापुर) : आप में और हम में इतना अन्तर है कि हम बोलते हैं और आप कागज फाड़ते हैं। ...(व्यवधान)

श्री रामजीलाल सुमन : थावरचन्द गेहलोत जी, आप हमसे ज्यादा शिट हैं, आपको मुबारक हो। महोदया, श्री थावरचन्द गेहलोत की हालत थोड़ी सी खराब है।

सभापति महोदया, मैं निवेदन कर रहा था कि कांग्रेस और बी.जे.पी., दोनों पार्टियों में एक प्रतिस्पर्धा है। जहां तक समाजवादी पार्टी का सवाल है, समाजवादी पार्टी महिलाओं के आरक्षण के हक में है। हम उसके विरोधी नहीं हैं। मुझे इस बात का फक्र है कि मैं उस पार्टी से हूं जिसके प्रमुख डॉ. राम मनोहर लोहिया थे और जब वे पिछड़ों के साथ इंसाफ करने की बात करते थे, तो पिछड़ों के साथ महिलाओं को भी जोड़ने की बात करते थे।

